H2026SCI08755

राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26

विषय-विज्ञान

समय-$2\frac{1}{2}$ घण्टे **कक्षा-8** **पूर्णांक-60**

बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रश्न 1-5)

निर्देश- सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न-1 नाइट्रोजन का स्थिरीकरण करते हैं- 1

(A) शैवाल (B) कवक

(C) प्लाज्मोडियम (D) जीवाणु

प्रश्न-2 किसी ईंधन के उष्मीय मान को प्रदर्शित करने वाली इकाई है- 1

(A) किलोजूल प्रति लीटर (B) किलोग्राम प्रति मिलीलीटर

(C) किलोजूल प्रति ग्राम (D) किलोजूल प्रति किलोग्राम

प्रश्न-3 मोमबत्ती की ज्वाला का पूर्ण दहन किस रंग का होता है- 1

(A) काला (B) पीला

(C) नीला (D) लाल

प्रश्न-4 मानव भ्रूण का रोपण कहाँ होता है- 1

(A) गर्भाशय में (B) अंडवाहिनी में

(C) वृषण में (D) अंडाशय में

प्रश्न-5 बल लगाकर क्या बदला जा सकता है? 1

(A) वस्तु का रंग (B) वस्तु का आकार

(C) वस्तु का स्वाद (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

रिक्त स्थान (प्रश्न 6-10)

निर्देश- नीचे दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न-6 सूक्ष्म जीवों को ________ मुख्य वर्गों में बांटा गया है। 1

प्रश्न-7 ऐसे पक्षी जो उड़कर सुदूर स्थानों तक लम्बी यात्रा करते हैं ________ कहलाते हैं। 1

प्रश्न-8 वे जंतु जो सीधे ही शिशु को जन्म देते हैं ________ जंतु कहलाते हैं। 1

प्रश्न-9 गुरुत्वाकर्षण बल ________ बल का उदाहरण है। 1

प्रश्न-10 अप्रिय ध्वनि ________ कहलाती है। 1

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 11-16)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-11 रेड डाटा बुक किससे संबंधित है? 2

H2026SCI08755 H2026SCI08755 H2026SCI08755 H2026SCI08755 H2026SCI08755 H2026SCI08
H2026SCI08755
H2026SCI08755

प्रश्न-12 जनन क्या होता है? यह क्यों आवश्यक है? 2

प्रश्न-13 कारण बताइए- केले के छिलके में पैर रखने पर व्यक्ति फिसल क्यों जाता है? 2

प्रश्न-14 ध्वनि का संचरण किस माध्यम में सर्वाधिक होता है और क्यों? कारण लिखिए। 2

प्रश्न-15 पुरुषों की तुलना में महिलाओं की आवाज तीखी क्यों होती है? 2

प्रश्न-16 शुद्ध जल को विद्युत का सुचालक कैसे बनाया जा सकता है? 2

लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 17-22)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-17 हमें बिना ढके हुए भोजन को खाने से क्यों बचना चाहिए? 3

प्रश्न-18 कोक, कोलतार एवं कोलगैस के एक-एक उपयोग लिखिए। 3

प्रश्न-19 समझाइए की कार्बन डाइऑक्साइड किस प्रकार आग को नियंत्रित करती है? 3

प्रश्न-20 वायुमंडलीय दाब से आप क्या समझते हो? 3

प्रश्न-21 कैरम बोर्ड पर हम महीन पाउडर क्यों छिड़कते हैं? ऐसे अन्य पदार्थों के नाम लिखिए जो घर्षण को कम करते हैं? उदाहरण सहित बताइए। 3

प्रश्न-22 विद्युत लेपन दर्शाता सरल परिपथ का स्वच्छ नामांकित चित्र बनाइये? 3

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 23-26)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-23 भंडारण किसे कहते हैं और यह क्यों किया जाता है? 5

प्रश्न-24 युग्मनज और गर्भ में 2 अंतर बताइए। 5

प्रश्न-25 बिजली गिरने की घटनाओं से बचाव हेतु कौन-कौन से उपाय अपनाए जा सकते हैं? 5

प्रश्न-26 नियमित एवं अनियमित (विसरित) परावर्तन को चित्र द्वारा समझाइए? 5

------xxx------

H2026SCI08755 H2026SCI08755 H2026SCI08755 H2026SCI08755 H2026SCI08755 H2026SCI08

H2026SCI08755

H2026SCI08755